प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भोपाल

दिनांक 18.02.2025 समय: 2.10 PM

नक्शा कार्यक्रम

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय का भूमि संसाधन विभाग ने आज से 26 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों के 152 शहरी स्थानीय निकायों में शहरी बस्तियों के राष्ट्रीय भू-स्थानिक ज्ञान-आधारित भूमि सर्वेक्षण-नक्शा नामक एक पायलट कार्यक्रम शुरू किया है।

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज रायसेन में इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।

कार्यक्रम को केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं संचार राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी संबोधित किया.डा यादव ने कहा कि:-

मुख्यमंत्री

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के आज नौ वर्ष पूरे हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2016 में इस योजना की शुरुआत की थी, जिसका उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली फसल हानि और नुकसान से पीड़ित किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है।

इस योजना ने नवीन कृषि तकनीकों को अपनाने को बढ़ावा देते हुए किसानों की आय को स्थिर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 69 हजार 515 करोड़ रुपये से अधिक के कुल बजट के साथ 2025-26 तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को जारी रखने की मंजूरी दी थी।

डिजिटल-ब्रांड

सरकार ने सरकारी वेबसाइटों और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर एकरूपता लाने के लिए डिजिटल ब्रांड पहचान नियमावली जारी की। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने नई दिल्ली में यह नियमावली लॉन्च की। इस अवसर पर, श्री प्रसाद ने कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक आईटी महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह महत्वाकांक्षी पहल देश के डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करेगी और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देगी।

डिजिटल ब्रांड पहचान नियमावली एक व्यापक मार्गदर्शिका है जो अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सामंजस्यपूर्ण दृश्य पहचान स्थापित करने में सरकार की अनूठी जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार की गई है।

प्रबुद्धजन सम्मेलन

जबलपुर में कल केंद्रीय बजट पर परिचर्चा विषय पर आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी शामिल होंगे. प्रबुद्धजन सम्मेलन को केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी संबोधित करेंगे। प्रबुद्धजन सम्मेलन कल दोपहर साढ़े तीन बजे शहीद स्मारक प्रेक्षागृह गोलबाजार में आयोजित किया गया है।

भिंड दुर्घटना

भिंड जिले में आज सुबह एक डंपर ट्रक ने एक वैन को टक्कर मार दी, जिसमें तीन महिलाओं समेत पांच लोगों की मृत्यु हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। यह हादसा सुबह करीब 5 बजे जवाहरपुरा गांव के पास हुआ, जब कुछ लोग विवाह समारोह से लौट रहे थे। तीन लोगों की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई, जबकि दो अन्य ने बाद में दम तोड़ दिया। घायलों में से 12 लोगों को इलाज के लिए ग्वालियर रेफर किया गया है, जबकि अन्य का भिंड जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

भूपेंद्र - जलवायु परिवर्तन

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने उत्पादों के पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया है। आज नई दिल्ली में अपशिष्ट पुनर्चक्रण और जलवायु परिवर्तन 2025 पर 18वें सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने 2047 तक विकसित देश बनने के लिए संसाधनों की बर्बादी कम करने और संसाधन दक्षता को अधिकतम करने पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत की चक्रीय अर्थव्यवस्था का बाजार मूल्य वर्ष 2050 तक लगभग दो लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर होगा और यह अर्थव्यवस्था एक करोड़ रोजगार सृजित करेगी।

चक्रीय अर्थव्यवस्था एक आर्थिक मॉडल है जिसका उद्देश्य अपशिष्ट को नष्ट करना और पुनः उपयोग और संसाधन दक्षता के माध्यम से स्थिरता को बढ़ावा देना है।

मौसम

प्रदेश में दिन का तापमान 33 डिग्री के पार पहुंच गया है। नर्मदापुरम, खंडवा, मंडला और सिवनी सबसे गर्म रहे। वहीं, भोपाल-उज्जैन में भी तापमान 31 डिग्री से अधिक रहा। मौसम

विभाग ने बताया कि अगले 4 दिन तक ऐसा ही मौसम रहेगा। 22-23 फरवरी से ठंड का तीसरा दौर आ सकता है। जिससे पारे में फिर गिरावट होगी। ठंड का असर खत्म होते ही भोपाल समेत प्रदेश के कई शहरों में स्कूलों समय बदल कर फिर से सुबह 7.30 बजे कर दिया गया है।

कुछ समारोह संक्षेप में....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज शाम इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में शहर और रीजन के उद्योगपतियों, निवेशकों से ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के संबंध में चर्चा करेंगे|
- सीहोर जिले की इस वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च को जिला मुख्यालय सीहोर एवं तहसील न्यायालय आष्टा , भैरूंदा, बुदनी एवं इछावर में किया जाएगा ।
- आगरमालवा जिले मे भी आज से 18 मार्च तक दस्तक अभियान आयोजित होगा। अभियान के तहत जिले के 9 माह से 5 वर्ष तक के सभी 55 हजार 584 बच्चों को प्रोटोकॉल अनुसार विटामिन ए की खुराक पिलाई जायेगी। और
- इंदौर के सिमरोल घाट पर तड़के एक तीर्थयात्री बस बेकाबू होकर पलट गई, जिसमें 9 लोग घायल हो गए।